दिन– शुक्रवार दिनांक– 26 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

देशभर में आज पच्चीसवां करगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देश सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को याद कर रहा है। आज ही के दिन सेना ने उन्नीस सौ निन्यानवे में युद्ध के बाद करगिल में पाकिस्तानी सेना पर विजय हासिल की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज करगिल युद्ध स्मारक का दौरा कर अपना बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे सैनिक पूरी ताकत से आतंकवाद के खिलाफ अभियान चला रहे हैं और दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। श्री मोदी ने कहा कि करगिल विजय दिवस हमें बताता है कि राष्ट्र के लिए किये गये बलिदान अमर हैं। उन्होंने पाकिस्तान पर हमला बोलते हुये कहा कि पड़ोसी देश ने अपनी इतिहास से कुछ नहीं सीखा है और वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाये रखने की कोशिश कर रहा है। इधर, करगिल दिवस के अवसर पर आज संसद के दोनों सदनों में करगिल युद्ध के दौरान वीरता से लड़ने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई।

वहीं, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अगल–अलग हिस्सों में करगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पटना के गांधी मैदान स्थित शहीद–ए–कारगिल स्मृति स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पटना के जिलाधिकारी और सेना के अधिकारियों की ओर से अमर शहीदों को सलामी दी गई और माल्यार्पण किया गया।

———————————————————

केन्द्रीय संचार ब्यूरों की ओर से करगिल विजय दिवस के अवसर पर पटना साइंस कॉलेज में फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय पटना के निदेशक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————

राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह को विधान परिषद से बर्खास्त कर दिया गया है। विधान परिषद की आचार समिति की अनुशंसा पर ये कार्रवाई हुई है। समिति के अध्यक्ष रामवचन राय ने सुनील कुमार सिंह की बर्खास्तगी का प्रस्ताव पेश किया, जो

ध्वनिमत से पारित हुआ। गौरतलब है कि बर्खास्त एमएलसी पर सदन के अंदर मुख्यमंत्री के हाव–भाव की नकल कर खिल्ली उड़ाने का आरोप लगा था। आचार समिति ने अपने प्रतिवेदन में कहा कि समिति यह मानती है कि सुनील कुमार सिंह ने सदन में अपने असंसदीय आचरण और मर्यादित व्यवहार से सदन के सदस्य बने रहने की पात्रता खो दी है। बाद में सदन के बाहर श्री सिंह ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि सदन में उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया। वहीं, मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त करने में सरकार का कोई हाथ नहीं है। यह कार्रवाई आचार समिति की सिफारिश पर की गयी है।

———————————————————————

इधर, आचार समिति ने राष्ट्रीय जनता दल के ही मोहम्मद कारी सोहैब के खिलाफ भी कार्रवाई की अनुशंसा की थी। हालांकि समिति के समक्ष माफी मांगने पर उन्हें अगले सत्र में केवल दो दिनों के लिए निलंबित किया गया है।

———————————————————————

पूर्णियां के डाकबंगला चौक पर स्थित एक प्रसिद्ध कम्पनी के आभूषण दुकान से हरियारबंद अपराधियों ने दिन–दहाडें बीस करोड़ रूपये मूल्य के आभूषण लूट लिये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पांच से छह की संख्या में आये अपराधियों ने आभूषण दुकान के कर्मचारियों और ग्राहकों को हथियार का भय दिखाकर लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।